राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र को मूर्तिकार राजेन्द्र प्रजापति ने महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट की

जयपुर, 09 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में प्रख्यात मूर्तिकार पद्मश्री अर्जुन प्रजापति के शिष्य एवं पुत्र श्री राजेन्द्र प्रजापति ने मुलाकात कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मूर्ति के शिल्प की सराहना करते हुए स्व. अर्जुन प्रजापति को याद किया और कहा कि वह मूर्तियों को अपने शिल्प से जीवन्त करने वाले विरल कलाकार थे। उन्होंने मूर्तिकला प्रशिक्षण देने की स्व. प्रजापति की पहल की भी सराहना की। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री राजेन्द्र प्रजापति ने बताया कि वह भी अपने पिता की मूर्तिकला प्रशिक्षण की परम्परा को जीवित रखते हुए आगे बढ़ा रहे हैं।

———